हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 24 फरवरी 2026

04 जनगणना का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण, गंभीरता से...



07 प्रदेश के बजट पर बोले मंत्री पंवार सर्ववर्गीय...






## खबर संक्षेप

### बाल विहार मैदान रोड पर लग रहा जाम

**सीहोर।** विहार मैदान के पास वाली सड़क पर हर सुबह जाम लगने लगा है। मजदूर वर्ग के लोग यहां सुबह जमा होते हैं। निर्माण कार्यों के लिए लोग इन्हें लेने आते हैं। मजदूरी तय करने का काम सड़क पर ही होता है। इससे रास्ता बंद हो जाता है। वाहन चालकों को निकलना मुश्किल हो जाता है। लोग बाइक और चार पहिया वाहन भी सड़क पर खड़े कर देते हैं। इससे जाम और बढ़ जाता है। यातायात पुलिस ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। नमक चौराहा और बाजार के अन्य हिस्सों में भी यही हाल है। लोग दोपहिया वाहन बेतरतीब खड़े कर देते हैं। इससे हर दिन जाम लगता है। शहर में पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। कई बार लोगों ने पार्किंग स्थल की मांग की। लेकिन अब तक कोई काम नहीं हुआ।

### 5 रुपए में नवीन विद्युत कनेक्शन

**सीहोर।** विद्युत वितरण कंपनी कार्यक्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को अब मात्र 5 रुपये में नवीन घरेलू कनेक्शन उपलब्ध कराना शुरू कर दिया है। कंपनी ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले उपभोक्ताओं को अब केवल 5 रूपये में नवीन विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। यह नया घरेलू कनेक्शन उन लोगों को मिलेगा जो कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के घरेलू फीडर से नियमानुसार कनेक्शन लेने की पात्रता रखते हैं।

### अवैध रेत परिवहन करते हुए राजस्व अमले की कार्रवाई संदेह के घेरे में, एसडीएम बोले मामले की जांच करेंगे

# ये कैसी कार्रवाई: 12 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को पकड़ा था, 5 की फाइल भेजी, 5 गायब, 2 थाने में खड़ी

खनिज विभाग के पास केवल पांच फाइलें अवैध रेत का परिवहन करने वाली ट्रैक्टर-ट्रालियों की भेजी गई। जबकि 10 ट्रालियों की फाइल भेजी जानी थी। अब तहसीलदार की कार्य प्रणाली पर उठ रहे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा





अवैध रेत परिवहन के खिलाफ की गई कार्रवाई अब खुद सवालों के घेरे में है। करीब दो माह पूर्व भैरुंदा तहसील में राजस्व विभाग की टीम ने अवैध रेत परिवहन के आरोप में 12 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त कर थाना भैरुंदा की अभिरक्षा में सौंपा था। उस समय इसे बड़ी और सख्त कार्रवाई के रूप में प्रचारित किया गया था, लेकिन अब रिकॉर्ड और जमीनी स्थिति के बीच सामने आए अंतर ने पूरे प्रकरण को संदिग्ध बना दिया है।

सूत्रों के अनुसार जब्त 12 वाहनों में से केवल 5 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की फाइलें ही खनिज विभाग को भेजी गईं। ताजा स्थिति यह बताई जा रही है कि थाने परिसर में वर्तमान में मात्र 2 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां ही खड़ी नजर आ रही हैं। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि शेष वाहन कहां गए? यदि सभी के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई थी तो उनकी फाइलें संबंधित विभाग तक क्यों नहीं पहुंचीं?

जब इस संबंध में लाड़कई के नायब तहसीलदार अनीस कुरैशी से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि प्रारंभ में पांच प्रकरणों की फाइल भेजी गई थी, बाद में सभी मामलों की फाइल अग्रेषित कर दी गई है। वहीं खनिज विभाग के सूत्रों का कहना है कि उन्हें राजस्व विभाग से केवल पांच ही प्रकरण प्राप्त हुए हैं। दोनों विभागों के बयानों में यह स्पष्ट विरोधाभास संदेह को और गहरा कर रहा है। विशेष सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एक और गंभीर पहलू सामने आया है। बताया जा रहा है कि लाड़कई क्षेत्र में अवैध रेत परिवहन के मामलों में कुछ ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को सीधे किसी निजी फॉर्महाउस पर खड़ा करवाया जाता है। चर्चा है कि बाद में मामले को यहीं समाप्त कर संबंधित वाहनों को छोड़ दिया जाता है। हालांकि इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन यदि यह तथ्य सही पाए जाते हैं तो यह कार्रवाई की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर बड़ा प्रश्नचिह्न होगा।

गौरतलब है कि भैरुंदा क्षेत्र में पूर्व में भी अवैध रेत परिवहन के मामलों में जब्त वाहनों को कथित रूप से छोड़ने और अवैध वसूली की शिकायतें उठती रही हैं। जिला प्रशासन द्वारा समय-समय पर सख्ती के निर्देश दिए जाने के बावजूद यदि इस प्रकार की स्थिति बन रही है तो यह प्रशासनिक जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े करता है। स्थानीय स्तर पर अंदरखाने की चर्चाएं तेज हैं और आमजन में यह धारणा बन रही है कि कार्रवाई का स्वरूप केवल औपचारिकता तक सीमित रह गया है। यदि 12 में से 5 मामलों की ही फाइलें विभाग तक पहुंचीं और थाने में मात्र 2 वाहन खड़े हैं, तो शेष वाहनों का सत्यापन और पूरी प्रक्रिया की जांच आवश्यक हो जाती है।

अब जरूरत है कि पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। जब्त वाहनों की वास्तविक स्थिति स्पष्ट की जाए, फाइलों के आदान-प्रदान का रिकॉर्ड सार्वजनिक किया जाए और यदि कहीं अनियमितता पाई जाए तो जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई हो।

**हरिभूमि में प्रमुखता से प्रकाशित खबर**


एक कार्रवाई महकमे की ऐसी भी: राजस्व विभाग की कार्रवाई पर ही खड़े हो रहे सवाल, अफसर की कार्यप्रणाली चर्चा में

एक माह से जब्तशुदा एक दर्जन ट्रैक्टर-ट्रॉली की फाइलें दफ्तर में कैद, खनिज विभाग को नहीं भेजीं

नियमों के मुताबिक, ऐसे मामलों में जब्त किए गए वाहनों से संबंधित समस्त प्रकरण निर्धारित समय-सीमा के भीतर जिला खनिज विभाग को भेजे जाने अनिवार्य होते हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

तहसील भैरुंदा में इन दिनों राजस्व विभाग की कार्रवाई खुद सवालों के घेरे में है। अवैध रेत परिवहन के खिलाफ सख्त रुख दिखाते हुए जिन एक दर्जन ट्रैक्टर-ट्रॉली पर कार्रवाई की गई थी, वही प्रकरण अब विभागीय लापरवाही और अफसरशाही की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार, बीते नवंबर-दिसंबर माह में अवैध रेत परिवहन करते पाए जाने पर राजस्व विभाग ने करीब एक दर्जन ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर थाने में खड़ा कराया था, लेकिन इसके बाद की वैधानिक प्रक्रिया आज तक आगे नहीं बढ़ सकी है।

नियमों के मुताबिक, ऐसे मामलों में जब्त किए गए वाहनों से संबंधित समस्त प्रकरण निर्धारित समय-सीमा के भीतर जिला खनिज विभाग को भेजे जाने अनिवार्य होते हैं, ताकि जुर्माना, ...

... परिवहन पर कार्रवाई की गई, तो फाइलों को आगे क्यों नहीं बढ़ाया गया? क्या यह प्रशासनिक लापरवाही है या फिर किसी दबाव और मनमानी का नतीजा—इस पर कोई स्पष्ट जवाब सामने नहीं आया है। इधर, वाहन मालिकों का कहना है कि यदि फाइलें समय रहते खनिज विभाग को भेज दी जातीं, तो अब तक जुर्माना और अन्य वैधानिक प्रक्रिया पूरी हो चुकी होती। इसके ...

वे अक्सर फील्ड में रेत परिवहन कर रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली का पीछा करते नजर आते हैं। आम जनता का आरोप है कि दफ्तर में लंबित फाइलों का समयबद्ध निराकरण करने की बजाय वे अधिकतर समय फील्ड गतिविधियों में सक्रिय रहते हैं, जबकि कार्यालय का काम निजी कर्मचारियों के भरोसे छोड़े जाने की चर्चा भी सामने आ रही है। स्थानीय लोगों का यह भी कहना है ...

जवाबदेही तय करने की मांग

मामले को लेकर वाहन मालिकों और आमजन में नाराजगी बढ़ती जा रही है। उनका कहना है कि अधिकारी के दफ्तर के चक्कर लगाते-लगाते एक माह से अधिक समय गुजर गया, लेकिन फाइलें अब तक खनिज विभाग को नहीं भेजी गईं। उन्होंने मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर यह स्पष्ट किया जाए ...

## वीआईटी ए ने सिस्टेक को 37 रन के बड़े अंतराल से हराया

### आज खेला जाएगा फाइनल मुकाबला

**सीहोर।** शहर के बीएसआई मैदान पर वीआईटी विश्वविद्यालय के तत्वाधान में खेली जा रही स्पोटर्स मीट 2026 के तीसरे दिन चार मैच खेले गए थे। इसमें पहला मैच वीआईटी ए और सिस्टेक आर के मध्य खेला गया। इस मुकाबले में वीआईटी ए ने सिस्टेक को 37 रन के बड़े अंतराल से हराया। वहीं दूसरा मैच वीआईटी सी और वीआईटी बी के मध्य खेला गया। इस मैच में वीआईटी सी ने चार रन से रोमांचक जीत हासिल की। अब मंगलवार को सुबह दस बजे सेमीफाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। इसमें पहला सेमीफाइनल मैच वीआईटी ए और बरकतउल्ला विश्वविद्यालय और दूसरा मुकाबला एनआरआई और वीआईटी बी के मध्य खेला जाएगा। इसके पश्चात दोपहर में फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

पहला मैच वीआईटी ए और सिस्टेक आर के मध्य खेला गया। इसमें पहले बल्लेबाजी करने उतरी वीआईटी ने छह ओवर में छह विकेट पर 83 रन बनाए थे। इसमें मिलन वर्मा ने 10 गेंद पर 24 रन, आयुष श्रीवास्तव ने छह गेंद पर 19 रन और भवित्या ने आठ गेंद पर 18 रन की पारी खेली। सिस्टेक की ओर से गेंदबाजी करते हुए रेहान ने दो ओवर में 21 रन देकर तीन विकेट, यशवर्धन सिंह ने एक ओवर में नौ रन देकर दो विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सिस्टेक टीम छह ओवर में नौ विकेट खोकर 46 रन ही बना सकी। इसमें आकाश शाह ने 13 गेंद पर 23 रन की विस्फोटक पारी खेली। इधर वीआईटी की ओर से गेंदबाजी करते हुए भवित्या ने दो ओवर में 14 रन देकर तीन विकेट, प्रदीप शुक्ला ने एक ओवर में चार रन देकर तीन विकेट, प्रज्जवल झा ने एक ओवर में आठ रन देकर दो विकेट और ऋषि ने एक ओवर में छह रन देकर एक विकेट हासिल किया। सोमवार को खेल अधिकारी डॉ. प्रशांत तिवारी, डारेक्टर आफ स्टूडेंट्स वेलफेयर डॉ. अनंत कांत शुक्ला और कन्वेनर डॉ. पुष्पदंत जैन, कोडिनेटर अतिक उररहमान, ज्योतिर्मय, मिलन, मनोज दीक्षित मामा, नागेश व्यास, अतुल त्रिवेदी, अजय आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

कोडिनेटर अतिक उररहमान ने बताया कि दूसरा मैच वीआईटी सी और वीआईटी बी के मध्य खेला गया था। इस मैच में वीआईटी सी ने चार रन से जीत हासिल की। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में वीआईटी सी ने पांच विकेट के नुकसान पर 120 रन बनाए थे।

## 20 लाख के जीर्णोद्धार में घटिया सामग्री का उपयोग:रेत की जगह चूरी से प्लास्टर-टाइल्स, पेटी कॉन्ट्रैक्टर पर अनदेखी का आरोप

**सीहोर।** जिला मुख्यालय स्थित जनपद पंचायत कार्यालय परिसर में दो भवनों के जीर्णोद्धार का कार्य विवादों में घिर गया है। ग्रामीण अभियांत्रिकी सेवा विभाग की देखरेख में चल रहे करीब 20 लाख रुपए के इस कार्य में गुणवत्ता मानकों की अनदेखी की जा रही है। आरोप है कि अधिकारियों की नाक के नीचे ही घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग हो रहा है।

मौके पर टाइल्स लगाने और प्लास्टर करने में रेत की जगह धड़ल्ले से 'चूरी' (बारीक गिट्टी या ईंट का चूरा) का इस्तेमाल किया जा रहा है। निर्माण विशेषज्ञों के अनुसार, चूरी के उपयोग से प्लास्टर और टाइल्स कुछ समय बाद उखड़ने लगते हैं, जिससे निर्माण की टिकाऊपन पर सवाल उठते हैं।



### गति और गुणवत्ता दोनों पर प्रश्नचिह्न

नियमों के अनुसार, निर्माण एजेंसी को स्वयं कार्य की निगरानी करनी चाहिए, लेकिन यहां मुख्य ठेकेदार ने काम पेटी कॉन्ट्रैक्टर को सौंप दिया है।

निगरानी के अभाव में पेटी कॉन्ट्रैक्टर अपनी मनमर्जी से काम कर रहा है। दोनों भवनों में प्लास्टर, टाइल्स, वाटर प्रूफिंग, विद्युतीकरण और पुट्टी का काम होना है, जिसकी गति और गुणवत्ता दोनों पर प्रश्नचिह्न लगे हैं। निर्माण स्थल पर लंबे समय से किसी इंजीनियर ने दौरा नहीं किया है, जिससे ठेकेदार के हौसले बुलंद हैं। इस लापरवाही के कारण गुणवत्ताहीन सामग्री का उपयोग बेरोकटोक जारी है।

इस संबंध में, ग्रामीण अभियांत्रिकी सेवा (आरईएस) सीहोर के कार्यपालन यंत्री (ईई) एके पंथी ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के लिए समय-समय पर निरीक्षण किया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि काम में गुणवत्ता खराब पाई गई तो उसे उखड़वा दिया जाएगा।

### संत शिरोमणि गाडगे महाराज की 150वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई



**सीहोर।** सोमवार को स्थानीय इंदौर नाका घाट पर शिरोमणि संत गाडगे महाराज की 150 वी जयंती बड़े ही सोहार्द पूर्ण तरीके से मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित वरिष्ठ समाज सेवी अखिलेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर एवं गौरव सन्नी महाजन द्वारा संत शिरोमणि गाडगे जी महाराज के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित किये गये। साथ ही रजक समाज बंधुओं, कार्यकर्ताओं, एवं एबीडीएम युवा सीहोर समिति सदस्यों ने गाडगे बाबा को श्रद्धा के फूल अर्पित किए। मुख्य अतिथियों का कार्यक्रम अध्यक्ष सोनू मालवीय, प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र मालवीय, दीलिप रजक, प्रहलाद डाकसाब के द्वारा गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। साथ समाज के वरिष्ठनों को भी गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ एवं पार्षद प्रतिनिधि मांगीलाल मालवीय, बिहारीलाल, विष्णुजी (बगीचा), धर्मेन्द्र मालवीय, दिनेश बिजोरा, प्रहलाद मालवीय, सुभाष मालवीय, दिलीप रजक, राधेश्याम इक्वोरिया, शिवप्रसाद इक्वोरिया शुजालपुर सहित बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित रहे। श्री अखिलेश राय ने गाडगे महाराज की 150 वी जयंती कार्यक्रम समाज जनों द्वारा भव्यता के साथ मनाये जाने एबीडीएम युवा इकाई एवं मेन इकाई सीहोर के सभी सदस्यों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के उत्थान के लिये मैं हमेशा समाज के साथ हूं। नपाध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर ने कहा कि समाज के सर्वोच्च विकास में नगर पालिका परिषद हर सम्भव तत्पर है। अंत में एबीडीएम युवा इकाई के प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र मालवीय ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## चाइल्ड हेल्पलाइन की सूचना पर रोका गया 16 वर्षीय बालिका का बाल विवाह



**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में बाल विवाह की रोकथाम के लिए निरंतर कार्यवाही की जा रही है और नागरिकों को बाल विवाह की रोकथाम के लिए जागरूक किया जा रहा है। महिला बाल विकास जिला कार्यक्रम अधिकारी शज्ञानेश खरे ने बताया कि बाल विवाह की रोकथाम के लिए जिले में ब्लॉक स्तरीय रोकथाम दलों का गठन किया गया है।

इसी क्रम में महिला बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग और एनजीओ के संयुक्त दल द्वारा चाइल्ड हेल्पलाइन से मिली सूचना पर सीहोर के वार्ड क्रमांक 12 दुर्गा कॉलोनी में हो रहे बाल विवाह को रूकवाया गया। इस दौरान जानकारी दी गई कि बालिका लाड़ली लक्ष्मी योजना से लाभान्वित है और बालिका की आयु 16 वर्ष है। दल द्वारा विवाह की रोकथाम के साथ ही बालिका के माता-पिता और परिवार को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों, सजा और जुर्माने के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। समझाइश के बाद बालिका के माता-पिता और परिवार ने 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने तक बालिका का विवाह न करने पर सहमति दी और शपथ पत्र भी दिया। यह कार्यवाही पर्यवेक्षक भुपेन्द्र अहिरवार, सुमित गौर और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित अन्य कर्मचारियों द्वारा की गई।

### हेपेटाइटिस बीमारी से बचाव के लिए वैक्सीन जरूरी

सीहोर। हेपेटाइटिस लीवर से जुड़ी बीमारी जो वायरल इंफेक्शन के कारण होती है। इस बीमारी में लीवर में सूजन आ जाती है, हेपेटाइटिस में पांच प्रकार के वायरस होते है जिसमें हेपेटाइटिस ए.बी.सी.डी और ई इन पांचों वायरस को गंभीरता से लेना चाहिये। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि आस-पास साफ-सफाई और हाइजिन प्रोटोकाल का पालन करके इस बीमारी को कमतर किया जा सकता है। इसके साथ ही जन्म के बाद बच्चों को हेपेटाइटिस की वैक्सीन लगाया जाना चाहिए। क्योंकि इनके कारण हेपेटाइटिस महामारी जैसी बनती जा रही है और हर साल इसकी वजह से होने वाली मृत्यु के आंकड़े भी बढ़ते जा रहें है। हेपेटाइटिस का टाइप बी और सी लाखों लोगों में क्रोनिक बीमारी का कारण बन रहें है, क्योंकि इनके कारण लीवर में सिरोसिस और कैंसर होते है। हेपेटाइटिस के बारे में जागरूकता पैदा करने और जन्म के बाद बच्चे को वैक्सीन देकर उसे हेपेटाइटिस से बचाया जा सकता है।

### बाजार में 10 रुपए से लेकर 1000 रुपए तक में मिल रहीं पिचकारियां

# होली के लिए बाजार में पिचकारियों की नई वैरायटी: त्रिशूल हथौड़ा, इलेक्ट्रॉनिक गन और नागिन की ज्यादा डिमांड

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर में होली का त्योहार नजदीक आते ही बाजार पिचकारी और रंग-गुलाल की दुकानों से सज गए हैं। ये दुकानें ग्राहकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। इस साल होली पर बाजार में पिचकारियों की नई और आकर्षक वैरायटी उपलब्ध है, जो ग्राहकों को खूब पसंद आ रही है।

इस बार त्रिशूल, हथौड़ा, तंबोला, इलेक्ट्रॉनिक गन और टैंक वाली पिचकारियों की विशेष मांग है। बच्चों के लिए मोटू-पतलू पिचकारियां भी बाजार में उपलब्ध हैं।

**1000 रुपए तक की पिचकारियां :** खास बात यह है कि इस साल पिचकारियों पर महंगाई का असर नहीं पड़ा है, कीमतें पिछले साल के समान ही हैं। बाजार में 10 रुपए से लेकर 1000 रुपए तक की पिचकारियां मौजूद हैं। इस बार नेताओं के चित्रों वाली पिचकारियां गायब हैं, जबकि सुपरहिट फिल्मों के थीम पर आधारित पिचकारियां बाजार में छाई हुई हैं। पिचकारियों के दुकानदार मोहित अरोरा ने बताया कि 'पुष्पा' फिल्म की कुल्हाड़ी जैसी पिचकारी और 'गदर 2' का हथौड़ा लोगों को खूब पसंद आ रहा है।





भगवान भोलेनाथ का त्रिशूल भी पिचकारी के रूप में काफी बिक रहा है। पहली बार बाजार में आई तंबोला पिचकारी और इलेक्ट्रॉनिक पिचकारी भी ग्राहकों का ध्यान खींच रही हैं। बच्चों में कार्टून नेटवर्क के मोटू-पतलू की पिचकारियां भी लोकप्रिय हैं। स्प्रे के रूप में रंग बरसाने वाली पिचकारियां भी बाजार में उपलब्ध हैं। बाजार में उपलब्ध कुछ नई पिचकारियां जैसे इलेक्ट्रॉनिक पिचकारी 550 रुपए, नागिन 180 रुपए, कैंडी 60 रुपए, तंबोला 200 रुपए, पुष्पा फिल्म की कुल्हाड़ी 150 रुपए, गदर 2 का हथौड़ा 200 रुपए और इलेक्ट्रॉनिक गन 500 रुपए में बिक रही हैं।

**SWAMI VIVEKANAND MAHAVIDHYALAYA, SEHORE**

**REQUIRED FOR MBA INSTITUTION**

Recognized by AICTE & Affiliated to Barkatullah University, Bhopal (M.P.)

| | | |
|---|---|---|
| Department of Management (MBA) | Director / Principal- 01 | Qualification and Experience as par AICTE & UGC Norm |
| | Professor – 02 | |
| | Associate Professor - 02 | |
| | Assistant Professor – 05 | |

**Note – Salary as Per AICTE / State Govt. Norms.**
Interested Candidate may Contact along with update CV and Testimonials with required documents within 7 days of published Advertisement and also mail a scan copy on

Email – svmsehore7@gmail.com
Address Awadhpuri Colony, Sehore Contact - 9111027166

खबर संक्षेप



## पीएम एक्सीलेंस कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**सीहोर।** सीहोर के प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस में शून्य भेदभाव दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में समानता, सामाजिक न्याय, मानवीय गरिमा तथा समावेशिता के प्रति जागरूकता विकसित करना था। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ रोहिताश्व कुमार शर्मा ने कहा कि 'शून्य भेदभाव दिवस' केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान करते हुए कहा कि वे जाति, लिंग, भाषा, वर्ग, अथवा किसी भी आधार पर होने वाले भेदभाव की रोकथाम में सहयोग करें और समानता एवं मानव अधिकारों के मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात करें। कार्यक्रम में डॉ. प्रमिला जैन, डॉ तिमोथियस एक्का, डॉ विनोद कुमार चौरसिया, डॉ रुखसाना अंजुम खान, डॉ मेघा बैरागी सहित स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

### संकल्प से समाधान अभियान के प्रभावी संचालन के कलेक्टर ने दिए निर्देश, अभी तक 64802 प्रकरणों का हुआ निराकरण

# जनगणना का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण, गंभीरता से प्रशिक्षण प्राप्त करें अधिकारी-कर्मचारीः कलेक्टर

### एसआईआर प्रक्रिया एवं रूद्राक्ष महोत्सव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने पर कलेक्टर ने अधिकारियों-कर्मचारियों को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक के दौरान कलेक्टर बालागुरु के. ने निष्पक्ष, पारदर्शी एवं पूर्ण निष्ठा के साथ मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को संपन्न कराने पर सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सभी ने टीम भावना के साथ कार्य करते हुए निर्धारित समयसीमा में अपने दायित्वों का सफल निर्वहन किया है। कलेक्टर ने मतदाता सूची के कार्य को लोकतांत्रिक प्रक्रिया की आधारशिला बताया। साथ ही उन्होंने रूद्राक्ष महोत्सव के सफल आयोजन के लिए भी समस्त विभागीय अमले को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आयोजन के दौरान बेहतर समन्वय एवं व्यवस्थाओं के कारण कार्यक्रम सफल रहा।

बैठक में कलेक्टर बालागुरु के. ने जनगणना के संबंध में निर्देश देते हुए कहा कि जनगणना का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण एवं जिम्मेदारीपूर्ण दायित्व है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गंभीरता से प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि प्रशिक्षण में दी गई सभी जानकारियों को भली-भांति समझकर कार्य करें। उन्होंने जनगणना कार्य को पूरी निष्ठा, सटीकता एवं समयबद्ध तरीके से संपादित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर बालागुरु के. ने बैठक में नेशनल हाइवे एवं रेल परियोजनाओं के लिए भू-अर्जन कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में विलंब न हो, इसके लिए संबंधित अधिकारी समय सीमा में कार्रवाई सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने वन ग्रामों को राजस्व ग्रामों में संपरिवर्तित करने की प्रक्रिया को गति देने तथा वनाधिकार दावों की नियमित समीक्षा करने के भी निर्देश दिए।

कलेक्टर बालागुरू के. ने गिरदावरी कार्य में सरसों के साथ-साथ उद्यानिकी फसलों को भी शामिल करने के निर्देश दिए, ताकि वास्तविक उत्पादन का सही आकलन हो सके। उन्होंने गेहूं उपार्जन के लिए प्रतिदिन अधिक से अधिक किसानों का पंजीयन कराने तथा प्रगति की सतत मॉनिटरिंग करने को कहा। साथ ही उन्होंने ई-टोकन व्यवस्था के माध्यम से खाद वितरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को निर्धारित समय पर उर्वरक उपलब्ध हो सके और अनियमितताओं पर रोक लगाई जा सके। बैठक में अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, जमील खान, रविंद्र परमार, एसडीएम नितिन टाले, तन्मय वर्मा, स्वाति मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर प्रेम सिंह गौड़ सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

**नरवाई जलाने पर सख्ती बरतने और किसानों को जागरूक करने के निर्देश :** बैठक में कलेक्टर बालागुरु के. ने जिले में नरवाई जलाने की घटनाओं पर सख्ती से रोक लगानें के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि नरवाई जलाने से पर्यावरण प्रदूषण बढ़ता है, भूमि की उर्वरता प्रभावित होती है तथा आमजन के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है। कलेक्टर ने राजस्व, कृषि एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों को संयुक्त रूप से निगरानी रखने तथा ऐसे मामलों में तत्काल दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को जागरूक करना भी आवश्यक है। कृषि एवं संबंधित विभागों द्वारा पंचायतों में बैठकों एवं प्रचार-प्रसार के माध्यम से नरवाई प्रबंधन के वैकल्पिक उपायों की जानकारी दी जाए, ताकि किसान पर्यावरण संरक्षण में सहभागी बन सकें। बैठक में कलेक्टर बालागुरु के. ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाये। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाना है, इसलिए अभियान को परिणाममुखी बनाया जाए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि क्लस्टर लेवल पर आयोजित किए जाने वाले शिविर सुव्यवस्थित एवं प्रभावी हों। शिविरों में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें। उन्होंने यह भी कहा कि शिविरों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाए, ताकि जनसहभागिता बढ़े और आमजन की समस्याओं का समाधान पारदर्शिता के साथ हो सके। बैठक में जानकारी दी गई कि अभियान के तहत अभी तक 69837 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 64802 प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है।

#### प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना में अधिक से अधिक पंजीयन के निर्देश

कलेक्टर बालागुरु के. ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों का पंजीयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि योजना का उद्देश्य श्रमिकों को वृद्धावस्था में सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है, इसलिए पात्र हितग्राहियों तक योजना की जानकारी प्रभावी रूप से पहुंचाई जाए। कलेक्टर ने ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में विशेष कैंप आयोजित कर पंजीयन अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पंजीयन कार्य की नियमित मॉनिटरिंग करें तथा प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा करें। लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि नहीं होने पर जिम्मेदारी तय की जाएगी।

#### राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में करें निराकरण

कलेक्टर बालागुरु के. ने राजस्व अधिकारियों को नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन सहित सभी राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी प्रकार का प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रहना चाहिए। कलेक्टर ने लंबित मामलों की नियमित समीक्षा कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने राजस्व कार्यों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

## संकल्प से समाधान अभियान के तहत क्लस्टर स्तरीय शिविर आयोजित



**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जनसमस्याओं और लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से जिले में "संकल्प से समाधान" अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले में क्लस्टर स्तरीय शिविर आयोजित कर नागरिकों को शासन की योजनाओं एवं सेवाओं से लाभान्वित किया जा रहा है।

इसी क्रम में अभियान के तहत जिले के बनखेड़ा, अहमदपुर और श्यामपुर में क्लस्टर स्तरीय शिविर आयोजित किया गया। शिविरों में अनेक विभागों द्वारा नागरिकों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और ग्रामवासियों से आवेदन प्राप्त कर निराकरण की प्रक्रिया शुरू की गई। सीहोर जनपद सीईओ नमिता बघेल एवं श्यामपुर तहसीलदार श्याम चंदेले ने बताया कि यह अभियान सुशासन, पारदर्शिता और जनहित में त्वरित समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ प्रत्येक पात्र नागरिक तक समयबद्ध रूप से पहुंचाना है।

यह "संकल्प से समाधान" अभियान 12 जनवरी से 31 मार्च 2026 तक चार चरणों में संचालित किया जा रहा है।

## बच्चों में दिव्यांगता की त्वरित पहचान के लिए लगाया गया स्क्रीनिंग शिविर

### शिविर में 18 बच्चों के बने दिव्यांगता प्रमाण पत्र, 14 बच्चों के बने यूडीआईडी



**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले के शून्य से 18 वर्ष की आयु वाले सभी बच्चों में दिव्यांगता की त्वरित पहचान के लिए सभी जनपदों एवं नगरीय निकायों में स्क्रीनिंग शिविरों का आयोजन किया जा रहा। इन शिविरों में जिला मेडिकल बोर्ड एवं जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के विशेषज्ञों द्वारा सभी संभावित दिव्यांग बच्चों की पहचान, स्क्रीनिंग एवं प्रमाणन सुनिश्चित किया जा रहा है और चिन्हांकित दिव्यांग बच्चों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाए जा रहे हैं। इसी क्रम में इछावर जनपद पंचायत सभाकक्ष में स्क्रीनिंग शिविर आयोजित किया गया। शिविर में जिला मेडिकल बोर्ड और जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के विशेषज्ञों द्वारा संभावित दिव्यांग बच्चों की स्क्रीनिंग की गई और चिन्हांकन किया गया। शिविर में कुल 32 दिव्यांग बच्चों ने पंजीयन कराया। इसी प्रकार मेडिकल बोर्ड द्वारा 26 बच्चों का चिन्हांकन किया गया और 18 दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाए गए। शिविर में 08 दिव्यांग बच्चों को अस्पताल रेफर किया गया और 14 बच्चों के यूडीआईडी कार्ड जारी किए गए। इस दौरान इछावर जनपद सीईओ रूषाली पोरस, महेश यादव, डॉ आरके वर्मा सहित स्टॉफ के सदस्य उपस्थित थे।

#### इन स्थानों पर दिनांकवार लग रहे हैं शिविर

कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा जारी निर्देशानुसार 23 फरवरी को इछावर जनपद पंचायत सभाकक्ष के बाद अब 24 फरवरी को आष्टा जनपद पंचायत सभाकक्ष में, 26 फरवरी को भैरूंदा जनपद पंचायत सभाकक्ष में, 27 फरवरी को रेहटी नगर परिषद में, 10 मार्च को बुधनी जनपद पंचायत सभाकक्ष में और 12 फरवरी को शाहगंज के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रातः 10 बजे से शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों के लिए संबंधित नगर पालिका सीएमओ और जनपद सीईओ को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

## पीएम आवास योजना से नाम हटाने का आरोप कांग्रेस ने जनपद सीईओ को सौंपा ज्ञापन

### निष्पक्ष जांच कर पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने की मांग, आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र हितग्राहियों के नाम सूची से हटाए जाने का मामला भैरुंदा क्षेत्र में तूल पकड़ता जा रहा है। इस मुद्दे को लेकर भैरुंदा, गोपालपुर एवं लाड़कई ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने जनपद पंचायत कार्यालय पहुंचकर सीईओ संजय अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा और पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि राजनीतिक द्वेष के चलते कांग्रेस समर्थित हितग्राहियों के नाम बिना पूर्व सूचना सूची से हटाए जा रहे हैं, जिससे वे शासन की महत्वपूर्ण योजना के लाभ से वंचित हो रहे हैं।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि तहसील भैरुंदा अंतर्गत कई ग्रामों से शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जहां पात्र व्यक्तियों के नाम अचानक सूची से गायब कर दिए गए। कांग्रेस पदाधिकारियों का कहना है कि केंद्र सरकार की मंशा है कि प्रत्येक पात्र परिवार को पक्का आवास उपलब्ध कराया जाए, लेकिन स्थानीय स्तर पर मनमानी कर पात्र लोगों के साथ अन्याय किया जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि सभी प्रकरणों की पारदर्शी एवं निष्पक्ष जांच कर वास्तविक पात्र हितग्राहियों के नाम पुनः जोड़े जाएं तथा उन्हें शीघ्र योजना का लाभ दिलाया जाए। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते उचित कार्रवाई नहीं की गई तो ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चरणबद्ध और उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान भैरुंदा ब्लॉक अध्यक्ष सुनील गोलियां, लाड़कई ब्लॉक अध्यक्ष चंदर मीणा, गोपालपुर ब्लॉक अध्यक्ष सुभाष पेटल सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ एवं युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कांग्रेस ने प्रशासन से पारदर्शिता बरतने और पात्र गरीब परिवारों के हितों की रक्षा सुनिश्चित करने की मांग दोहराई है।

## नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर विकास के लिए हमेशा तत्पर रहते हैंः सांसद आलोक शर्मा



**सीहोर।** शहर के स्मार्ट सिटी की तर्ज पर विकसित करने के लिए अब तक अरबों के कार्य नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने किए है, नगर पालिका के विकास कार्यों में सहयोग करना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। यह शहर की प्रगति और बेहतर जीवन स्तर के लिए आवश्यक है। हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में भाजपा का एक ही मंत्र है सबका साथ-सबका विकास इस मूल मंत्र को सार्थक कर रहे नपाध्यक्ष श्री राठौर। उक्त विचार सोमवार को शहर के मंडी क्षेत्र में सवा करोड़ के विकास कार्य का भूमि पूजन के दौरान सांसद आलोक शर्मा ने कहे।

भूमि पूजन का आयोजन सोमवार की शाम को आयोजित किया गया था। इस मौके पर सांसद श्री शर्मा के अलावा भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, विधायक सुदेश राय, भाजपा जिला प्रभारी विकास विरानी, नगर पालिका उपाध्यक्ष विपिन सास्ता, दिलीप राठौर, मुकेश मेवाड़ा, प्रदीप गौतम, कमलेश राठौर के अलावा बड़ी संख्या में अन्य पार्षदगण और क्षेत्रवासी शामिल थे। सासंद श्री शर्मा ने कहाकि भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास पर आधारित है, जिसका लक्ष्य समाज के हर वर्ग तक समावेशी विकास को पहुंचाना है। इस मंत्र को जमीनी स्तर पर उतारने में नगर पालिकाएं और स्थानीय निकाय एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जो केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को सीधे नागरिकों तक पहुंचाने में सहयोग करते हैं। हमारे छोटे भाई ने अब तक अरबों रुपए के शहर में विकास किए है। इस विकास के साथ शहर को सुंदर बनाए रखने की जिम्मेदारी हम सबकी है।

## रोजगार छीनकर कैसा महिला सशक्तिकरण कर रही प्रदेश सरकारः पंकज शर्मा



**सीहोर।** प्रदेश में 1166 करोड़ रुपये के पोषण आहार कार्य को निजी हाथों में सौंपे जाने के निर्णय को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। जिला कांग्रेस प्रवक्ता पंकज शर्मा ने इस फैसले का कड़ा विरोध करते हुए इसे महिला सशक्तिकरण के दावों के विपरीत तथा लाखों महिलाओं की आजीविका पर सीधा प्रहार बताया है। पंकज शर्मा ने कहा कि वर्षों से प्रदेश के विभिन्न जिलों में महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा संचालित पोषण आहार प्लांट न केवल स्थानीय महिलाओं को रोजगार प्रदान कर रहे थे, बल्कि आंगनबाड़ी केंद्रों तक पोषण सामग्री की नियमित आपूर्ति भी सुनिश्चित कर रहे थे। सीमित संसाधनों के बावजूद इन समूहों ने गुणवत्तापूर्ण कार्य कर आत्मनिर्भरता की मिसाल कायम की थी। ऐसे में इस संपूर्ण कार्य को निजी कंपनियों को सौंपना महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की भावना के प्रतिकूल है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार एक ओर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करती है, उन्हें ऋण उपलब्ध कराकर प्लांट स्थापित करवाती है, वहीं दूसरी ओर नीतिगत निर्णयों के माध्यम से उन्हीं इकाइयों को बंद करने की स्थिति पैदा कर देती है। इससे हजारों परिवारों की आय का स्रोत प्रभावित हुआ है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। जिला कांग्रेस प्रवक्ता पंकज शर्मा ने सवाल उठाया कि जब महिला स्व-सहायता समूहों का मॉडल सफलतापूर्वक संचालित हो रहा था, तो उसे समाप्त करने की आवश्यकता क्यों पड़ी। उन्होंने आशंका जताई कि इतने बड़े वित्तीय कार्य को निजी हाथों में सौंपने से पारदर्शिता और गुणवत्ता पर भी प्रश्नचिह्न खड़े हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि माताओं और बच्चों के पोषण जैसे संवेदनशील विषय को लाभ-हानि के व्यापार में परिवर्तित नहीं किया जाना चाहिए। पंकज शर्मा ने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल मंचों और भाषणों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि महिलाओं को स्थायी रोजगार, सम्मानजनक आय और निर्णय प्रक्रिया में वास्तविक भागीदारी मिलनी चाहिए। उन्होंने सरकार से तत्काल इस फैसले को वापस लेने की मांग की, ताकि वास्तविक अर्थों में महिला सशक्तिकरण की भावना फलीभूत हो सके।

### संकल्प आश्रम में मातृ-पिता पूजन कार्यक्रम का आयोजन हुआ

# संसार में बच्चों को माता-पिता से अधिक कोई प्रेम नहीं कर सकताः साध्वी नयना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



बच्चों को भटकना नहीं है विधर्मियों के बहकावे में आना नही है क्योंकी संसार में बच्चों को माता पिता से अधिक कोई भी प्रेम नहीं कर सकता है। मातापिता से बढ़कर इस संसार में कुछ भी नहीं है उक्त बात मातृपिता पूजन कार्यक्रम में बैरागढ़ आश्रम से पहुंची साध्वी नयना बहन ने साधक साधिकाओं और बच्चों को संबोधित करते हुए कहीं।

रविवार को संत श्री आसाराम बापू के आश्रम में मातृपिता पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होने कहा कि वेलनटाईनडे विदेश त्यौहार है इस को मनाना भारतीय बच्चों के लिए खतरनाक है। योगवेदांत सेवा समिति के द्वारा आ यो जि त कार्यक्रम का शुभारंभ बापू के चित्र पर माल्यार्पण कर वरिष्ठ सरंक्षक स मा ज से वी सुदर्शन राय समिति अध्यक्ष केके विश्वकर्मा साधक अभिषेक पांडे अंकित भाटी के द्वारा किया गया।

साध्वी नयना बहन के मार्गदर्शन में बच्चों ने विधिविधान से फूल माला अक्षत हल्दी कुमकुम का उपयोग कर अपने माता पिता का पूजन कर आरती किया और बच्चों को माता पिता ने आशीष प्रदान किया। कार्यक्रम में सद साहित्य और आयुवैदिक दवाईयों का वितरण श्रद्धालुओं को किया गया। बच्चों ने सदैव अपने माता पिता की सेवा करना का संकल्प लिया। कार्यक्रम में शहर सहित आसपास के ग्ारमीण अंचलों के श्रद्धालु नागरिक बड़ी संख्या में शामिल रहे।

## एनएसएस छात्र इकाई ने किया 7 दिवसीय शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




सीहोर के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) छात्र इकाई द्वारा ग्राम लसूडिया परिहार में 7 दिवसीय विशेष शिविर आयोजित किया गया। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान, श्रमदान, पर्यावरण संरक्षण, जनजागरूकता रैली तथा सामुदायिक संवाद जैसी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से ग्रामवासियों को जागरूक किया।

समापन अवसर पर प्राचार्य डॉ. रोहिताश्व कुमार शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास करती है।

प्रभारी प्राचार्य डॉ. शीलचंद गुप्ता ने कहा कि एनएसएस व्यक्तित्व के विकास का सशक्त मंच है।

कार्यक्रम में एनएसएस के स्वयंसेवक राहुल राजपूत एवं स्वयं सेविका दीक्षा चौरसिया भी शामिल हुए। दीक्षा चौरसिया को हाल ही में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 'विकसित भारत युवा कनेक्ट' कार्यक्रम के अंतर्गत 'यूथ आइकन' के रूप में चयनित किया गया है। समापन अवसर पर स्वयंसेवकों को प्रमाण-पत्र, शील्ड एवं मेडल वितरित किए गए तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान कॉलेज के प्राध्यापकगण सहित स्टॉफ के सदस्य एवं एनएसएस के स्वयंसेवक उपस्थित थे।

### जिला भाजपा की पत्रकार वार्ता में बजट 2026-27 की उपलब्धियां गिनाईं

# प्रदेश के बजट पर बोले मंत्री पंवार सर्ववर्गीय कल्याण के लिए बजट




हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

मध्यप्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में वर्ष 2026-27 का बजट विकसित मध्य प्रदेश के संकल्प और सर्ववर्गीय कल्याण की भावना के साथ प्रस्तुत किया है। यह बात राज्य मंत्री नारायण सिंह पवार ने जिला भाजपा द्वारा स्थानीय शिवानी रेस्टोरेंट में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने बताया कि यह बजट ज्ञानी थीम पर आधारित है। जी -गरीब कल्याणवाय युवा शक्ति, ए -अन्नदाता, एन नारी शक्ति, आई इन्फ्रास्ट्रक्चर और आई इंडस्ट्री को समर्पित है। बजट में मध्य प्रदेश स्पेसटेक नीति 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन का प्रस्ताव रखा गया है, जिससे प्रदेश अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में भी आगे बढ़ेगा। सिंहस्थ महापर्व के लिए 3,600 करोड़ रुपये का प्रावधान करते हुए पहली बार आगामी तीन वर्षों की कार्ययोजना का बजट आकलन किया गया है। प्रदेश की जीएसडीपी में 12 प्रतिशत वृद्धि को भी उन्होंने उत्साहजनक बताया।

## प्रत्येक विधानसभा में औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने का लक्ष्य

पवार ने बताया कि वर्ष 2026-27 के लिए 4.38 लाख करोड़ रुपये का बजट प्रस्तुत किया गया है, जो पिछले वित्तीय वर्ष 2025-26 के 4.21 लाख करोड़ रुपये से लगभग 4 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा लिया जाने वाला कर्ज निर्धारित मापदंडों के अनुसार पूंजीगत विकास के लिए होता है। प्रदेश की प्रत्येक विधानसभा में एक औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके तहत 80 स्थान चिन्हित किए गए हैं।

## किसानों को सोलर सिंचाई पंप और विद्युत सुविधा

कृषि क्षेत्र के लिए विद्युत मंडल द्वारा 5 एचपी तक के कृषि पंपों तथा एक घरेलू कनेक्शन को निःशुल्क बिजली उपलब्ध कराने हेतु 5,276 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। आत्मनिर्भरता मिशन के अंतर्गत 335 करोड़, समर्थन मूल्य पर बोनस भुगतान हेतु 150 करोड़ तथा सहकारी बैंकों के माध्यम से आपातकालीन ऋण पर ब्याज अनुदान के लिए 20 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। प्रधानमंत्री कृषक सूर्य मित्र योजना के तहत 3,000 करोड़ रुपये की लागत से सोलर सिंचाई पंप उपलब्ध कराए जाएंगे।

## लाड़ली बहनों और सामाजिक सुरक्षा पर विशेष फोकस

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्धघुमक्कड़ वर्ग के लिए 1,691 करोड़ रुपये तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लिए 2,857 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। लाड़ली लक्ष्मी योजना 2.0 के लिए 1,801 करोड़ रुपये तथा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना 2023 के अंतर्गत 23,883 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

## जिले में भी विकास कार्यों को गति

मंत्री श्री पवार ने बताया कि ब्यावरा, सुठालिया, सारंगपुर और राजगढ़ सहित विभिन्न क्षेत्रों में स्कूलों में अतिरिक्त कक्ष एवं लैब निर्माण के लिए बजट प्रावधान किया गया है। ब्यावरा में प्रमुख मार्गों का निर्माण, नरसिंहगढ़-बैरसिया के बीच पार्वती नदी पर नवीन पुल, राजगढ़ में वीआईपी बायपास तथा सारंगपुर और खिलचीपुर क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों के लिए करोड़ों रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

## जिले में मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधा

प्रेस वार्ता के दौरान मंत्री पवार ने कहा कि जिले के लोगों को किडनी संबंधित रोगों के मरीजों को जिले के बाहर भटकना पड़ रहा था। लेकिन हमारे लगातार प्रयासों से बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के लिए भाजपा सरकार ने नए अवसर खोले हैं जिसमें ब्यावर में ट्रामा सेंटर और डायलिसिस जैसी सुविधाएं उपलब्ध होगी, वही सारंगपुर और राजगढ़ में भी डायलिसिस सुविधा मरीजों को आसानी से उपलब्ध होगी।

## कांग्रेस पर साधा निशाना

पवार ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में प्रदेश विकास के मामले में पिछड़ गया था। उन्होंने दावा किया कि पहले प्रदेश में सिंचाई का रकबा मात्र 7 लाख हेक्टेयर था, जो अब बढ़कर 56 लाख हेक्टेयर हो गया है। इसी प्रकार पहले प्रदेश में केवल 5 मेडिकल कॉलेज थे, जबकि वर्तमान में उनकी संख्या बढ़कर 30 हो गई है। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रदेश को आत्मनिर्भर और विकसित राज्य बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

### पुलिस ने तीन कर्मचारियों को हिरासत में लेकर की पूछताछ

# मृत महिला के गले से अस्पताल कर्मी ने उड़ाया मंगलसूत्र, पीएम के लिए शव कक्ष में रखी थी डैडबॉडी




हरिभूमि न्यूज ▶▶इछावर

जिले की इछावर तहसील में मानवता को शर्मशार करने वाली घटना सामने आई है, जिसमें अस्पताल कर्मियों ने पोस्टमार्टम के लिए लाई गई एक मृतक महिला के गले से मंगलसूत्र चोरी कर लिया। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच कर आरोपियों से मंगलसूत्र जब्त कर परिजनों को सौंप दिया। हैरानी की बात यह है कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। बता दें कि चार-पांच दिन पहले एक महिला की मौत होने पर उसका शव पोस्टमार्टम के लिए इछावर अस्पताल लाया गया था। लेकिन देर रात होने के कारण शव का पीएम नहीं किया जा सका। डॉक्टरों द्वारा अगले दिन पीएम करने के कारण महिला का शव कक्ष में ही रख दिया गया।

इसी दौरान बॉडी को शिफ्ट करने आए कर्मचारियों ने मृतक महिला के गले से मंगलसूत्र निकाल लिया और उसे बेच दिया। मंगलसूत्र के संबंध में जब परिजन को पता लगा तो उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस को की। पुलिस ने अस्पताल के तीन कर्मचारियों को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की तो आरोपियों मंगलसूत्र चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने मंगलसूत्र बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। इस संबंध में पुलिस जांच अधिकारी एसआई गोस्वामी ने बताया कि फरियादी ने अपनी शिकायत वापस ले ली थी, इस कारण आरोपी स्वास्थ्यकर्मी को छोड़ दिया गया है। वहीं अस्पताल के सीबीएमओ डॉक्टर अंकित चांडक ने बताया कि उक्त आरोपी आउटसोर्स कर्मचारी हैं जिनको एजेंसी द्वारा रखा गया है। इस संबंध में एजेंसी को अवगत कराया जा चुका है।

## मां के इकलौते नौजवान बेटे का सुनसान जगह पर पड़ा मिला शव

**छापीहेड़ा।** नगर में मृत शव की सूचना मिलते पहुंची स्थानीय पुलिस मौके पर पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए शव को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया लोगों का कहना जहरीली शराब पीने से मौत परंतु पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा कि किस कारण हुई वैसे तो लगातार पुलिस प्रशासन जहरीली शराब बेचने वाले बनाने वाले लोगो पर कठोर से कठोर कार्यवाही तथा लगाम कसने के कार्य निरंतर कर रही है । इसका सेवन करने के लिए तड़पता रहता है जब तक जहरीली कच्ची शराब का घूंट उसको नहीं मिलता तब तक ना नींद आती ना सुकून मिलता है परंतु पीने वाले को यह पता नहीं कि यह जहरीली कच्ची शराब पीने से शरीर के सभी अंगों को दीमक की तरह खोखला कर चाट जाती है हर इंसान में मन बुद्धि होती है पर वह अपनी बुद्धि इस और क्यों नहीं चला पता की जहरीले नशीले पदार्थों का सेवन करने से स्वास्थ्य खराब होता है तथा किडनी लीवर फेफडो को खत्म करता है।

### खुले चेंबरों से बनी दुर्घटनाओं की आशंका

# कलेक्ट्रेट में कई जगह खुले पड़े नालियों और वाल्वों के चेंबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

स्थानीय कलेक्टोरेट परिसर में खुले पड़े नालियों के चेंबरों से इन दिनों दुर्घटनाओं का अंदेशा बना हुआ है। इन खुले हुए चेंबरों में कभी भी कोई बाईक सवार या पैदल राहगीर गिरकर हादसे का षिकार हो सकता है। इसके साथ ही चार पहिया वाहनों के पहिए भी इनमें जाने से वाहन क्षतिग्रस्त हो सकते हैं। कलेक्टोरेट परिसर में यह हाल सिर्फ एक ही स्थान पर नहीं है बल्कि एसबीआई की फूलखेड़ी ब्रांच के ठीक सामने, एवं पेंशन कार्यालय के पीछे के हिस्से, जिला निवार्चन कार्यालय के



सम्मुखये चेंबर खुले पड़े हुए हैं। कलेक्टोरेट परिसर का मेंटनेंस देखने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों का ध्यान अभी तक इस लापरवाही की तरफ नहीं गया है। अगर इन खुले पड़े चेंबरों को जालियों या अन्य किसी माध्यम से कवर्ड करवा दिया तो संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है।

## पैदल राहगीरों के गिरने की ज्यादा आषंका

इन खुले चेंबरों में बाईक सवारों, कारों से ज्यादा पैदल राहगीरों के गिरने की ज्यादा संभावना बनी हुई है। दिन के समय तो ये खुले चेंबर नजर आ जाते हैं लेकिन रात्रि के समय नजर नहीं आने पर कोई भी इनमें गिरकर घायल हो सकता है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टोरेट की विभिन्न शाखाओं सहित एसबीआई ब्रांच में कभी-कभी देर शाम या रात्रि तक कर्मचारी कार्य करते रहते हैं। खुले चेंबर नजर न आने से वे इनमें गिरकर चोटिल हो सकते हैं।

## इंदौर पब्लिक स्कूल में किया परीक्षार्थियों का स्वागत



**ब्यावरा।** परीक्षा के पहले दिन , सभी विद्यार्थियों का फूल और तिलक लगाकर किया स्वागत' कक्षा 5वीं , 8वीं के लिए बोर्ड परीक्षा केंद्र स्कूल इंदौर पब्लिक स्कूल ब्यावरा में 20 फरवरी को परीक्षा के पहले दिन सभी विद्यार्थियों का फूल और तिलक लगाकर स्वागत किया गया, और स्कूल प्रबंधक की और से सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

# मां शबरी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरावर

जयस आदिवासी संगठन और समस्त भिलाला समाज लसूड़ल्या रामनाथ कुरावर के तत्वावधान में मां शबरी का जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सामाजिक बंधुओं ने भाग लिया। सर्वप्रथम माँ शबरी और भगवान श्रीराम लक्ष्मण की झाँकी सजाई गई और डीजे ढोल के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा मुख्यमंत्री हाट बाजार तलेन रोड़ से 12 बजे प्रारंभ हुई, जिसमें आदिवासी जनजाति भिलाला समाज के महिला और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए।

शोभायात्रा में हाथ में तीर कमान थामें अखाडे खेलते युव पुरूष चल रहे थे, वहीं महिलाए पारम्परिक लोकगीतों पर थिरकते चल रही थी। मुख्य बाजार में सामाजिक संगठन के युवाओ ने शोभायात्रा का स्वागत करते हुए माँ शबरी और राम लक्ष्मण की पूजा की। व्यापारी बंधुओं ने साफा पहनाकर फूल माला के साथ स्वागत किया। शोभायात्रा करीब 4 बजे लसूड़ल्या रामनाथ स्थित दुर्गा



मंदिर परिसर में पहुंचकर समाप्त हुई। इस अवसर पर आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष कैलाश भिलाला, अनिल भिलाला, सुनील भिलाला, दशरथ भिलाला, गुलाब सिंह भिलाला, करण सिंह भिलाला, मांगीलाल भिलाला, दिनेश भिलाला, भोलाराम भिलाला, द्वारका प्रसाद भिलाला, प्रदीप भिलाला आदि ने सामाजिक कुरीति को मिटाने, शिक्षा में अग्रणी रहने और समाज सुधार पर अपनी अपनी बात रखी। इस मौके पर कार्यक्रम के अतिथि नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि तारू राजपूत, पार्षद प्रतिनिधि लखन चैहान, पार्षद दिलिप सिंह बना, पार्षद राजकुमार चैकसे मौजूद रहे।

# खुशियों के ओटले पर 90 जरूरतमंदों को वितरित की चप्पल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

जनसहयोग से संचालित सामाजिक संस्था खुशियों का ओटले में रविवार को सेवा का एक और प्रेरणादायी कार्य किया गया। संस्था द्वारा 90 जरूरतमंद महिलाओ एवं बच्चियों को नई चप्पलें एवं सैंडल वितरित किए गए। संस्था के संचालक डॉ. सुरजीत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इंदौर स्थित एमडी इंडस्ट्रीज द्वारा संस्था को 200 जोड़ी नई चप्पलें सेवा कार्य हेतु भेजी गई हैं। इन्हें गरीब एवं जरूरतमंद लोगों में चरणबद्ध तरीके से वितरित किया जा रहा है।

रविवार को इनमें से 90 जोड़ी चप्पलों का वितरण किया गया, शेष चप्पलें भी शीघ्र ही जरूरतमंदों तक पहुंचाई जाएंगी। चप्पल प्राप्त कर महिलाओं और बच्चियों के चेहरों पर विशेष खुशी देखने को मिली। 'बेटी राजकुमारी ने बताया कि




उसे काफी समय से चप्पलों की आवश्यकता थी और आज जब उसे नए सैंडल मिले तो वह बहुत खुश हुई। डॉ. सिंह ने बताया कि संस्था निरंतर इस प्रकार के सेवा कार्य करती रहती है और समाज के सहयोग से जरूरतमंदों की सहायता जैसे रोजाना संस्था द्वारा खुशियों की रोटी के माध्यम से 100 लोगो को भोजन बाटने का कार्य ब्यावरा पोस्ट ऑफिस के सामने चलाया जा रहा है।

### श्री श्याम परिवार राजगढ़ एवं समस्त भक्तों द्वारा किया गया आयोजन

# श्याम बाबा को करवाया नगर भ्रमण, उमड़े अनेकों श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

स्थानीय अस्पताल रोड स्थित राजयोग महादेव मंदिर परिसर में ही खाटूश्याम बाबा के मंदिर का निर्माण होना वाला है। इसी क्रम में बाबा श्याम के भक्तों द्वारा रविवार को नगर में पैदल निशान यात्रा का आयोजन करते हुए बाबा श्याम को नगर भ्रमण करवाया गया। फाग उत्सव के रूप में निकली शोभायात्रा स्थानीय काशीपुरा क्षेत्र स्थित संतोष माता मंदिर से आरंभ होकर मेन मार्केट, झांसी की रानी चैराहा, नाका नंबर-3 होते हुए राजयोग महादेव मंदिर परिसर



पहुंचकर समाप्त हुई। शोभा यात्रा में शामिल श्याम भक्त भगवान की भक्ति में लीन होकर नाचते, गाते, भजनों पर थिरकते हुए साथ चल रहे थे। इस बीच स्थान-स्थान पर विभिन्न सामाजिक, धार्मिक संगठनों एवं प्रतिष्ठान संचालकों द्वारा कहीं पुष्पवर्षा, कहीं शीतल पेय इत्यादि से शोभायात्रा में शामिल भक्तों का भव्य स्वागत, अभिनंदन किया गया।

## एसआईटी गठन कर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग



**विदिशा।** बुजुर्ग महिला से हुई करीब 5 लाख रुपए की ठगी के मामले में सकल तारण तरण दिगंबर जैन समाज और शहर के नागरिकों ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। शनिवार को समाज के पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एसपी को ज्ञापन सौंपा और त्वरित कार्रवाई की मांग की। यह घटना खरीफाटक रोड स्थित जैन मंदिर से दर्शन कर लौट रहीं विमला बाई जैन के साथ हुई थी। कुछ दिन पहले अज्ञात बदमाशों ने उन्हें बातों में उलझाकर उनके जेवरात ठग लिए थे। इस संबंध में कोतवाली थाने में मामला दर्ज कराया गया था। ज्ञापन में बताया गया कि घटना के कई दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों का कोई सुराग नहीं मिल सका है और न ही ठगा गया माल बरामद हुआ है। समाज ने इस स्थिति को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि पीड़िता मानसिक और आर्थिक रूप से टूट गई हैं और आम नागरिकों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। समाज ने अपने ज्ञापन में लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व न्यू अरिहंत विहार कॉलोनी में हुई चोरी का मामला भी उठाया। पदाधिकारियों ने बताया कि 12 अक्टूबर 2024 को वैभव जैन के यहां लाखों रुपए की चोरी हुई थी, जिसमें करीब 16 महीने बीत जाने के बाद भी कोई ठोस खुलासा नहीं हो सका है।

### परीक्षा में अब तक एक भी नकल प्रकरण नहीं बना

# कक्षा 12वीं की परीक्षा में 21 परीक्षार्थी अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा के अंतर्गत जिले में आयोजित कृषि, होम साइंस (कला समूह) एवं एकाउंटेंसी विषय की परीक्षा हुई।

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार परीक्षा में कुल 1781 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 1760 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 21 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। कृषि विषय में पंजीकृत 1 परीक्षार्थी परीक्षा में उपस्थित रहा और कोई भी अनुपस्थित नहीं रहा। होम साइंस




(कला समूह) विषय में कोई भी परीक्षार्थी पंजीकृत नहीं था। वहीं एकाउंटेंसी विषय में पंजीकृत 1780 परीक्षार्थियों में से 1759 उपस्थित रहे और 21 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

# गाय को बचाने के चक्कर में ट्राला पलटा 13 वर्षीय बालक की मौत, बहन घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶लटेरी

लटेरी के मुरवास क्षेत्र में सुबह करीब 8:30 बजे एक सड़क हादसे में 13 वर्षीय बालक की मौत हो गई। इस घटना में उसकी बहन घायल हो गई। गुजरात से बीना की ओर जा रहा पाइप से भरा एक ट्राला अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे गिरे पाइप की चपेट में आने से बालक की जान चली गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक में बड़ी मात्रा में पाइप लदे हुए थे।

बताया जा रहा है कि अचानक संतुलन बिगड़ने से चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और ट्रक पलट गया। हादसा इतना भयानक था कि आसपास के लोग सहम गए और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। मुरवास थाना प्रभारी लक्ष्मण डाबर ने बताया कि यह हादसा मुरवास के पास हुआ। ट्राला जब वहां पहुंचा, तभी अचानक सड़क पर एक गाय आ गई। ड्राइवर ने गाय को बचाने के लिए वाहन को मोड़ा, जिससे ट्राला असंतुलित हो गया। ट्राली में बंधे लोहे के पाइप झटके से पट्टे टूटने के कारण सड़क पर गिर गए और ट्राला एक



ओर पलट गया। घटना के समय 13 वर्षीय आयन पिता कदिर खान अपनी बहन साहिबा के साथ पैदल जा रहा था। गिरे हुए पाइप की चपेट में आने से आयन गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत लटेरी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उसकी बहन साहिबा को भी चोटें आईं, जिसका उपचार कराया गया है। पुलिस ने ट्राला चालक को गिरफ्तार कर लिया है और वाहन को जब्त कर लिया है। मामले की जांच जारी है। बताया गया है कि मृतक आयन के पिता कदिर खान के चार बच्चे हैं।

## खबर संक्षेप

### राज्य अधिवक्ता परिषद प्रत्याशी का स्वागत किया

**सीहोर।** सोमवार को मप्र राज्य अधिवक्ता परिषद पद प्रत्याशी एवं पूर्व भोपाल जिला बार एसोशिएशन अध्यक्ष पीसी कोठारी का जिला न्यायालय परिसर आगमन हुआ। कोठरी जिला मुख्यालय के अधिवक्ताओं से चुनावी जन सम्पर्क अभियान के तहत जिला न्यायालय परिसर स्थित अधिवक्ता श्रवण वास्तवार के चेम्बर भी पहुंचे यहा मौजूद वरिष्ठ अधिवक्ता विजय सक्सेना, अय्यूब खान, तरूण सोनी अनुज श्रीवास्तव,श्रवण वास्तवार,सुधीर काशिव,समाज सेवी कुतुबउद्दीन शेख,पत्रकार संतोष सिंह, अधिवक्ता संजय पटेल शंकर खरे। प्रवीण जैन, शैलेन्द्र आर्य, मनीष राठौर ने कोठारी का मल्यार्पण कर स्वागत किया एवं जनसंपर्क अभियान में भागीदारी की।

### सीता श्रीवास्तव बनीं महिला जिला अध्यक्ष

**देवास।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की प्रदेश अध्यक्ष अनुपमा श्रीवास्तव की अनुशंसा पर सीता श्रीवास्तव की सामाजिक सक्रियता, कर्मठता, मधुर व्यवहार एवं कर्तव्यनिष्ठा को देखते हुए प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिला पदाधिकारियों ने पुनः सीता श्रीवास्तव को देवास जिला की महिला जिला अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के सदस्यों एवं स्नेहीजनों ने श्रीमती श्रीवास्तव को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। पूर्ण विश्वास है कि सीता श्रीवास्तव अपनी कार्य कुशलता, संगठन शक्ति से समाज को नए आयाम प्रदान करेंगी।

### मूलनायक भगवान चंद्रप्रभु के मोक्ष कल्याणक पर बना भावभक्ति का माहौल

# केवल निर्वाण लाडू चढ़ाने से नहीं, गुणों को जीवन में उतारने से मिलेगा मोक्ष : मुनिश्री

सुख-दुख का कारण स्वयं का पुरुषार्थ है। भगवान सुई की नोक के बराबर भी सुख नहीं देते, सुख अपने पुरुषार्थ से ही प्राप्त होता है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर के श्री चंद्रप्रभ दिगंबर जैन मंदिर, अरिहंतपुरम अलीपुर सहित नगर के सभी जिनालयों में आयोजित धर्मसभा में 8 वें तीर्थंकर चंद्रप्रभु भगवान के मोक्ष कल्याणक दिवस पर श्रद्धा और भक्ति का वातावरण रहा। इस अवसर पर पूज्य वात्सल्य रत्नाकर, भारत गौरव, विद्या वाचस्पति श्रमण मुनिश्री संस्कार सागर मुनिराज ने मंगल प्रवचन देते हुए कहा कि आज का दिन अत्यंत शुभ है, क्योंकि हम मूलनायक भगवान चंद्रप्रभु की छत्रछाया में उनके मोक्ष कल्याणक का स्मरण कर रहे हैं।

मुनिश्री ने कहा कि केवल निर्वाण लाडू चढ़ाने और अभिषेक करने से ही कार्य पूर्ण नहीं होता, बल्कि भगवान के गुणों को आत्मसात करना ही सच्ची आराधना है। आठों कर्मों का क्षय कर मोक्ष प्राप्त करना ही जीवन का लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि भगवान वीतरागी हैं । वे न किसी से रुष्ट होते हैं और न प्रसन्न। सुख-दुख का कारण स्वयं का पुरुषार्थ है। "भगवान सुई की नोक के बराबर भी सुख नहीं देते, सुख अपने पुरुषार्थ से ही प्राप्त होता है।

#### भावों की निर्मलता ही सच्ची पूजा

मुनिश्री संस्कार सागर ने भगवान के अभिषेक के महत्व को समझाते हुए कहा कि जब हम भगवान के मस्तिष्क एवं चरणों में निर्मल जल अर्पित करते हैं तो हमारा भाव भी जल के समान निर्मल होना चाहिए।पूजा संस्कार का कारण बने, संसार का नहीं। अच्छे भावों से की गई प्रत्येक क्रिया पुण्य फलदायी होती है। उन्होंने कहा कि निर्वाण लाडू अर्पित करते समय यह भाव रखना चाहिए कि जैसे आपने भगवान आठों कर्मों का नाश कर मोक्ष प्राप्त किया, वैसे ही हम भी आत्मकल्याण के पथ पर अग्रसर होकर मोक्ष प्राप्त करें। अनंत चतुष्टय के धनी सिद्ध भगवान सिद्धशिला पर विराजमान हैं, उनके गुणों का स्मरण ही सच्ची आराधना है।

#### अष्ट द्रव्य अर्घ्य का विशेष महत्व

धर्मसभा में मुनिश्री संस्कार सागर मुनिराज ने बताया कि भगवान को अष्ट द्रव्य से अर्घ्य समर्पित करने का अलग-अलग आध्यात्मिक फल प्राप्त होता है। आचार्य परंपरा में जो जिनेंद्र भगवान की देशना है, उसी का वाचन और प्रचार किया जाता है।मुनिश्री ने कहा कि जिनेंद्र भगवान का नित्य अभिषेक करने वाला जीव सौभाग्यशाली होता है। धर्म परंपरा का संरक्षण तभी संभव है जब हम जिनेंद्र देव और आचार्य भगवंतों के बताए मार्ग पर चलें। प्रवचन के दौरान मुनिश्री ने कहा कि जीव अपने भावों के अनुसार पर्याय प्राप्त करता है।अतः सभी को ऐसा पुरुषार्थ करना चाहिए जिससे आत्मोन्नति हो और जन्म-मरण के बंधन से मुक्ति मिले। उन्होंने समाजजनों से आग्रह किया कि भगवान के पांचों कल्याणकों को उत्साहपूर्वक मनाएं और गुरु सानिध्य का लाभ लें।

#### सभी मंदिरों में मोक्षफल अर्पित

मोक्ष कल्याणक के पावन अवसर पर नगर सहित अंचल के सभी दिगंबर जैन मंदिरों में नित्य अभिषेक, शांतिधारा एवं निर्वाण कांड पाठ कर मोक्ष फल अर्थात निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। किला मंदिर में मुनिश्री विश्वसूर्य सागर मुनिराज एवं साध्य सागर मुनिराज के सानिध्य में तथा अलीपुर मंदिर में मुनिश्री संस्कार सागर मुनिराज के सान्निध्य में अन्य मंदिरों में समाजजनों की महती उपस्थिति में भक्तिभाव से मोक्षफल अर्पित किया।

# आठ दिवसीय श्री नंदीश्वर द्वीप महामंडल विधान आज से शुरू

**प्रतिदिन पूजन के बाद होगी दिव्य देशना**



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

दिगम्बर जैन समाज के 24 फरवरी से शुरू होने जा रहे शास्वत पर्व श्री अष्टान्हिका महापर्व के अंतर्गत आठ दिवसीय श्री नन्दीश्वर द्वीप महामंडल विधान पूजन का संगीतमय व्रहद आयोजन 24 फरवरी से 3 मार्च तक नगर के श्री दिव्योदय जैन तीर्थ किला पर सम्पन्न होने जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर समिति द्वारा तैयारियां की जा रही हैं।

दिगम्बर जैन पंचायत समिति के प्रवक्ता शरद जैन के अनुसार उक्त आयोजन आचार्य विद्यासागर महाराज व गणाचार्य विराग सागर महाराज के पावन आशीर्वाद से परम प्रभावक शिष्य मुनि संस्कार सागर महाराज, मुनि विश्वसुर्य सागर महाराज, मुनि साध्य सागर महाराज ससंघ के पावन सानिध्य में ध्वजारोहण के साथ श्री दिगम्बर जैन दिव्योदय जैन तीर्थ किला मंदिर में शुरू होगा। पर्व के अंतर्गत प्रतिदिन आठ दिवस तक प्रातः 6:30 बजे से नित्य शांति धारा अभिषेक नित्य पूजा व नन्दीश्वर द्वीप महामंडल विधान पूजन की संगीतमय व्रहद पूजन की जाएगी। जिसमें नन्दीश्वर द्वीप के 52 जिन चैत्यालयों में स्थित जिनबिम्बो को भक्ति भाव के साथ अर्घ्य समर्पित किए जायेंगे। यह 52 अकृत्तिम जिन चैत्यालय पूर्व पश्चिम उत्तर दक्षिण चारो दिशाओं में स्थित है। जिनमे पांच सौ पांच सौ धनुष की स्फटिक की सुंदर प्रतिमाये विराजमान है। जिनकी आराधना भक्त गणो द्वारा विधान मंडल प्रतिकृति बनाकर अर्घ्य समर्पित करते है। प्रतिदिन पूजन के बाद प्रातः 9 बजे से मुनि श्री की दिव्य देशना सुनने का लाभ भी प्राप्त होगा। वहीं सायंकाल 6:30 बजे गुरु भक्ति एवं सायंकाल 7 बजे मुनि श्री द्वारा शास्त्र वाचन होंगेदिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष आनंद जैन पोरवाल, महामन्त्री कैलाश जैन चित्रलोक व मुनि सेवा समिति के प्रमुख सन्दीप जैन नीलबड़, धीरज जैन नीलबड़ आदि ने समस्त आयोजन में समाज जनो माताओ बहनों से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित करने की विनती की गई है।

# विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



शासकीय महाविद्यालय जावर नगर में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र कुमार शुक्ल ने की तथा संचालन डॉ. शर्मिला गांगले ने किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मेदांता हॉस्पिटल, लखनऊ के डॉ. पंकज परमार एमबीबीएस, डीएनबी एमरजेंसी मेडिसिन रहे, जिन्होंने ऑनलाइन माध्यम से विद्यार्थियों को विस्तारपूर्वक संबोधित किया। अपने व्याख्यान में उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य को जीवन की सफलता का मूल आधार बताते हुए कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धी परिवेश में विद्यार्थियों पर अध्ययन, करियर और सामाजिक अपेक्षाओं का दबाव बढ़ता जा रहा है, ऐसे में मानसिक संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है।

डॉ. परमार ने मानसिक तनाव के प्रमुख लक्षणों जैसे अत्यधिक चिंता, नींद की कमी, चिड़चिड़ापन, आत्मविश्वास में गिरावट और एकाग्रता की कमी पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को समय प्रबंधन, सकारात्मक सोच, नियमित व्यायाम, संतुलित आहार और संवाद की आदत विकसित करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि असफलता जीवन का अंत नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत का अवसर है। यदि किसी को लगातार अवसाद या निराशा महसूस हो तो विशेषज्ञ से परामर्श लेने में संकोच नहीं करना चाहिए। उनका वक्तव्य विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी, व्यावहारिक और प्रेरणादायक रहा।अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य नरेंद्र कुमार शुक्ल ने कहा कि महाविद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और मानसिक स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे। राकेश कुमार सोलंकी ने विद्यार्थियों को सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने और अनुशासित जीवनशैली बनाए रखने की प्रेरणा दी।

डॉ. शर्मिला गांगले ने आत्मसंवाद और भावनात्मक संतुलन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नीतू परवाल, डॉ. विजय कुमार यादव, प्रीति कुशवाहा एवं भीमसेन मालवीय सहित महाविद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की बड़ी संख्या में सहभागिता रही और उन्होंने इसे अत्यंत लाभकारी बताया।

# विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने जावर में चलाया धर्म रक्षानिधि अभियान, 25 फरवरी तक चलेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड जावर द्वारा धर्म रक्षा निधि महाअभियान के निमित्त में जावर नगर में धर्म रक्षानिधि अभियान के तहत हिंदू समाज के द्वारा धर्म रक्षा निधि अर्पण कार्यक्रम किया गया, इस निधि द्वारा विश्व हिंदू परिषद के सेवा कार्य चल रह है। गौ माता की सेवा रक्षा हिंदू मठ मंदिर रक्षा एवं ईसाई चर्च द्वारा हिंदुओं का धर्मांतरण रोका जा रहा। लव जिहाद जैसे बिंदुओं पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल निरंतर कार्य कर रहा है धर्म रक्षा निधि समर्पण महा अभियान मे मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद के जिला मठ मंदिर प्रमुख धीरज सिंह ठाकुर, प्रखंड अध्यक्ष लाखन सिंह ठाकुर, प्रखंड उपाध्यक्ष बलवान सिंह ठाकुर, गौरक्षा प्रमुख मनोहर सिंह ठाकुर ,सुरक्षा प्रमुख मनोज ठाकुर, जावर नगर उपाध्यक्ष महेंद्र ठाकुर, संयोजक गौरव सिसोदिया एवं कार्यकर्ताओं द्वारा धर्म रक्षा निधि संग्रह किया गया। नगर के व्यापारी एवं समाजसेवियों द्वारा कार्यकर्ताओं का स्वागत कर इस धर्म रक्षा निधि रूपी अभियान में सभी लोग अपना योगदान दे रहे हैं जिसमें आज कुछ बड़ी रासिया दी गई जिनमें मनीष गैस इंडियन, जयंत बिल्लोरे और भी लोगों द्वारा योगदान दिया गया यह अभियान 25 फरवरी तक चलेगा।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का पर्यवेक्षक पद पर चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज



आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नीतू सोलंकी का चयन महिला बाल विकास विभाग में पर्यवेक्षक पद पर राजगढ़ जिले में चयन हुआ। नीतू सोलंकी ने एसी कैटेगरी में मध्य प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। महिला एवं बाल विकास पर्यवेक्षक पद पर उनका चयन राजगढ़ जिले में हुआ। इस दौरान सिद्धिकगंज आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका व ग्रामीणों ने नीतू सोलंकी का विदाई समारोह आयोजित किया। नीतू सोलंकी पहले सिद्धिगंज आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के पद पर कार्यरत थी।

नीतू सोलंकी का ग्राम की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका द्वारा फूलों की माला एवं मिठाई बाट कर स्वागत एवं विदाई समारोह रखा गया। जिसमें उपस्थित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रानी श्रीवास्तव, विमल पचलसिया, सुशील गहरवाल, सुनीता बैरागी, जमना बाई करोरिया, पार्वती बाई, मनीषा गहरवाल आदि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका एवं बच्चे मौजूद रहे।

# शांति समिति की बैठक में त्योहारों को लेकर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज



थाना परिसर में आगामी त्योहार होली और रमजान माह को देखते हुए थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे वही नायब तहसीलदार जावर सिद्धांत सिंह सिंघला द्वारा सभी को अपने-अपने त्यौहार बड़े धूमधाम से एवं शांतिपूर्वक मनाने को बताया वही बताया गया कि सभी ग्रामीण अपने त्योहारों को शांतिपूर्वक मनाएं आगामी त्यौहार होली व रमजान का महीना व आदिवासी समाज में भगोरिया पर्व बड़े उत्साह एवं आनंद के साथ मनाए सभी ग्रामीण त्योहारों को आपस में मिलजुल कर मनाए वहीं थाना प्रभारी राजू सिंह बघेल ने बताया कि सभी ग्रामीण अपने त्यौहार शांतिपूर्वक मनाएं।

अगर कोई और सामाजिक तत्व किसी भी प्रकार की पोस्ट व किसी भी धर्म के प्रति कोई भी टिप्पणी करता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कोई भी किसी प्रकार की गलत भड़काऊ टिप्पणी सोशल मीडिया पर ना करें। अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

ग्रामीण व सभी समाज के हिंदू मुस्लिम भाइयों ने बताया कि हमारे ग्राम में सभी त्योहार बड़े शांतिपूर्वक व भाईचारा के साथ मनाए जाते हैं। हम सभी ग्रामीण सभी समाज के त्यौहार एक साथ मिलकर शांतिपूर्वक मनाए जाते हैं। इसी दौरान उपस्थित रहे नायब तहसीलदार सिद्धांत सिंह सिंघला,राजू सिंह बघेल थाना प्रभारी सिद्धि गंज महेंद्र सिंह ठाकुर जनपद सदस्य, धर्मचंद सोनी, नईम कुरैशी, सिकंदर पठान, असलम खान, पंकज बगाना, अरुण श्रीवास्तव, संतोष चौहान, माखन चौहान, राज बोराणा, संतोष करोरीया रवि सूर्यवंशी पटवारी आदि ग्रामीण,थाना स्टॉप व पत्रकार उपस्थित रहे।

### पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान की कार्यशाला संपन्न

# प्रशिक्षण व्यक्तिगत जीवन में सुधार लाता है: राजेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



भारतीय जनता पार्टी प्रदेश मंत्री राजेंद्र सिंह राजपूत, भोपाल सांसद आलोक शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, भाजपा जिला प्रभारी विकास विरानी, सीहोर विधायक सुदेश राय, आष्टा विधायक गोपाल इंजीनियर ने सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का शुभारंभ भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण व द्वीप प्रज्वलन करने के साथ किया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत सीहोर मण्डल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति द्वारा किया गया। इसके बाद कार्यशाला के मुख्य वक्ता प्रदेश मंत्री राजेंद्र सिंह राजपूत ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण न केवल हमारे व्यक्तिगत जीवन में सुधार लाता है, बल्कि यह हमें नये दृष्टिकोण और सोच के आयाम भी प्रदान करता है। यह हमें अपने गुणों को पहचानने और उन्हें निखारने का महत्वपूर्ण अवसर देता है। हमारी सफलता हमारे कार्यकर्ताओं के समर्पण और मेहनत पर निर्भर करती है। भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण और अनुशासन ने ही भाजपा को सबसे बड़ी और अजय पार्टी बनाया है। कार्यकर्ताओं का कार्यकर्ता भाव के कारण भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बना है।

भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यकर्ता के व्यक्तित्व निर्माण की प्रक्रिया है। विचारों की मजबूती के लिए प्रशिक्षण आवश्यक है। प्रशिक्षण की धुरी व आत्म अनुशासन है, इसे हम सभी को पालन करना है। भाजपा जिला प्रभारी विकास विरानी ने कहा कि मध्यप्रदेश का पार्टी संगठन आदर्श संगठन है। प्रशिक्षण महाअभियान में भी मध्यप्रदेश को देश में आदर्श राज्य बनाना है। प्रशिक्षण महाअभियान कार्यशाला के मुख्य वक्ता राजेंद्र सिंह राजपूत ने कहा कि प्रशिक्षित कार्यकर्ता ही सशक्त संगठन और सशक्त राष्ट्र की आधारशिला होता है। प्रशिक्षण कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा, नई दिशा और नई कार्यकुशलता प्रदान करता है। वर्ष 2026 भी संगठनात्मक प्रशिक्षण गतिविधियों से परिपूर्ण रहेगा। भाजपा जिला प्रभारी विकास विरानी ने प्रशिक्षण महाअभियान विषय पर पीपीटी के माध्यम से व भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी प्रितेश राठौर प्रजेंटेशन के जरिए पंच परिवर्तन व नवाचारों को लेकर प्रजेंटेशन के जरिए जानकारी दी। इस कार्यशाला में प्रमुख रूप से सीहोर नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर भी उपस्थित रहे। जिला कार्यशाला में जिला टोली, जिला पदाधिकारी, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगरपालिका अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष सहित मण्डल अध्यक्ष व महामंत्री, मण्डल टोली भी उपस्थित रहे।

# प्रतिबंध के बाद भी तेज आवाज में बज रहा था डीजे, पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



थाना आष्टा क्षेत्रांतर्गत पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत के निर्देशन तथा प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी प्रवीण चडोकर, थाना प्रभारी गिरीश दुबे के मार्गदर्शन में थाना आष्टा परिसर में समस्त क्षेत्र के डीजे संचालकों व शादी, मैरेज गार्डन संचालकों की बैठक आयोजित की थी।

बैठक के दौरान सभी को निर्देशित किया था कि कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए तथा शासकीय भवन जैसे अस्पताल, न्यायालय, स्कूल, थाना आदि के आसपास डीजे बजाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। उक्त निर्देशों के बावजूद भोपाल से आष्टा लाकर नटराज डीजे द्वारा रात्रि लगभग 12 बजे तक डीजे बजाया जा रहा था। सूचना प्राप्त होने पर थाना आष्टा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर डीजे को बंद कराया। तथा डीजे संचालकों के विरुद्ध विधि अनुसार कार्रवाई करते हुए डीजे जप्त कर मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत प्रतिबंधित वैधानिक कार्रवाई कर आरोपीगण मन्नू कुशवाह पिता स्व. राजाराम कुशवाह, उम्र 35 वर्ष, निवासी मुबारकपुर, करन सिंह पिता अर्जुन सिंह, उम्र 28 वर्ष, निवासी मुबारकपुर पर प्रकरण पंजीवद्ध कर कार्यवाही की। साथ ही पिकअप वाहन जब्त किया। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि परीक्षा अवधि के दौरान ध्वनि प्रदूषण संबंधी नियमों का पालन करें, अन्यथा उल्लंघन करने पर विधि अनुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।